EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल संदेश

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
33 वां संस्करण

भारत लोक शिक्षा परिषद्

Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)

जुलाई - सितम्बर, 2026



संस्कार और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुई एकल श्रीमद्भागवत कथा

भारत लोक शिक्षा परिषद, उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2026 तक जेएमडी टेंट जापानी पार्क, सेक्टर-10 रोहिणी दिल्ली में आयोजित भव्य एवं दिव्य 'एकल श्रीमद्भागवत कथा' संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला समिति द्वारा एकल गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा सम्मानित विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का वातावरण बना रहा। इस सात दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ सहभागिता की। 350 बहनों ने कलश शोभा यात्रा निकालकर सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में एकल अभियान के गणमान्य पदाधिकारी, ट्रस्टीगण, कार्यकर्ता बंधु, विभिन्न चैप्टरों के पदाधिकारी, महिला विभाग एवं युवा विभाग के पदाधिकारी तथा समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही।





पूज्या जया किशोरी जी के श्रीमुख से प्रवाहित श्रीमद्भागवत की अमृतमयी वाणी, भक्ति और आध्यात्मिक संदेशों का सभी ने अमृतपान किया। सात दिवसीय इस आयोजन ने श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार, सेवा और सद्कर्मों की प्रेरणा देने के साथ-साथ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने के एकल अभियान के संकल्प को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।





उत्तरी दिल्ली चैप्टर के प्रेरणास्रोत एवं मुख्य यजमान श्री जी. डी. गोयल जी तथा राष्ट्रीय चेयरमैन एवं मुख्य यजमान श्री नीरज रायजादा जी का मार्गदर्शन और सहयोग आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता जी के मार्गदर्शन में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किए।

उत्तरी दिल्ली चैप्टर के चेयरमैन श्री राजेश मित्तल जी, प्रधान श्री वीरेंद्र गुप्ता (बिल्लू जी), कार्यकारी प्रधान श्री मुकेश कुमार गुप्ता जी, महामंत्री श्री अजय अग्रवाल जी एवं कोषाध्यक्ष श्री विजय चौधरी जी, उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग की प्रधान श्रीमती साधना गुप्ता जी, महामंत्री श्रीमती रीमा जैन जी, कोषाध्यक्ष श्रीमती बिंदु मित्तल जी सहित चैप्टर की पूरी टीम ने आयोजन की तैयारियों से लेकर इसके सफल समापन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



धार्मिक आयोजन के साथ शिक्षा एवं संस्कार का संदेश - पूज्या जया किशोरी जी के श्रीमुख से प्रवाहित श्रीमद्भागवत कथा ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक चिंतन, भक्ति, प्रेम, मानवीय मूल्यों और जीवन में सद्कर्मों के महत्व का संदेश दिया। कथा के माध्यम से भारतीय संस्कृति, संस्कारों और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

एकल अभियान ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा और संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यरत है। अभियान का लक्ष्य केवल बच्चों को शिक्षित करना ही नहीं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, आत्मनिर्भरता, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना भी है।

'शिक्षा दान, महादान' की भावना को आगे बढ़ाते हुए इस आयोजन के माध्यम से समाज के समर्थ वर्ग को जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन ने यह संदेश दिया कि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा और संस्कार पहुँचाना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यजमान पूजा - पितृपक्ष के पावन अवसर पर कथा के दौरान प्रतिदिन यजमान पूजा विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ संपन्न की गई। इस अवसर पर यजमान परिवारों ने अपने पितरों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके आशीर्वाद की कामना की तथा धर्म, संस्कार और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कथा के दौरान राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी द्वारा प्रतिदिन पूज्या जया किशोरी जी की गरिमामयी उपस्थिति में एकल प्रेजेंटेशन दी गई। इस प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने एकल अभियान द्वारा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने तथा शिक्षित, संस्कारित एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एकल अभियान केवल बच्चों को शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कार, सामाजिक जागरूकता, ग्राम विकास और आत्मनिर्भरता के माध्यम से ग्रामीण समाज को सशक्त बनाने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रहा है।





इस अवसर पर लोगों को एकल अभियान के सेवा कार्यों से जुड़ने तथा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के वंचित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रेजेंटेशन का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा एवं संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत सेवा कार्य से जोड़कर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त बनाना था।

झांकियां - कथा के विभिन्न प्रसंगों के दौरान भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह, भगवान श्रीराम जन्मोत्सव तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सहित अनेक भव्य एवं मनमोहक धार्मिक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इन झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान की दिव्य लीलाओं एवं पौराणिक प्रसंगों का सजीव दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। विशेष रूप से श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ उत्सव मनाया। इन आकर्षक झांकियों ने कथा स्थल को भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। श्रद्धालु भगवान की लीलाओं के दर्शन कर भावविभोर हो उठे और संपूर्ण आयोजन में भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कई महीनों की तैयारियों और सामूहिक समर्पण से सफल हुआ आयोजन - इस भव्य आयोजन की सफलता के पीछे कई महीनों से चल रही योजनाबद्ध तैयारियों, निरंतर बैठकों, व्यापक जनसंपर्क, आपसी समन्वय और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन से जुड़े प्रत्येक सदस्य ने अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया।

राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन, उत्तरी दिल्ली चैप्टर की टीम के समन्वय, मुख्य यजमानों एवं कथा सहयोगियों के सहयोग और श्रद्धालुओं की सहभागिता ने इस आयोजन को सफल बनाया। सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, दानदाताओं, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का सामूहिक समर्पण संगठन की एकजुटता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बना।





भक्ति से सेवा और सेवा से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा - एकल श्रीमद्भागवत कथा ने यह संदेश दिया कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों की सार्थकता समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और जरूरतमंदों के जीवन में नई आशा जगाने में भी निहित है। भक्ति के साथ सेवा, संस्कारों के साथ शिक्षा और आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का समन्वय ही एक सशक्त समाज की आधारशिला है।

भारत लोक शिक्षा परिषद्, उत्तरी दिल्ली चैप्टर का यह आयोजन भक्ति, संस्कार, सामाजिक समरसता और ग्रामीण एवं आदिवासी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प को समर्पित रहा। सात दिवसीय कथा के सफल समापन के साथ एकल अभियान के शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण संबंधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी और मजबूत हुई।

कथा के दौरान एकल युवा BLSP द्वारा 5 अक्टूबर को ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया जिसके माध्यम से लोगों ने 30 यूनिट से अधिक ब्लड डोनेट किया। 6 अक्टूबर 2026 को सिंगर श्री ध्रुव चावला के द्वारा विशेष भजन क्लबिंग का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में युवाओं सहित सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति, संगीत और उत्साह के साथ सहभागिता की। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस आयोजन की सबसे सुखद उपलब्धि रही कि उपस्थित लोगों ने ग्रामीण एवं आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। एकल विद्यालयों के लिए क्राउडफंडिंग भी की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एकल युवा BLSP के चेयरमैन श्री यतिन जैन, प्रेसीडेंट श्री अक्षत शर्मा, वाईस प्रेसीडेंट श्री सागर अग्रवाल, महामंत्री श्री अभय गोयनका, कोषाध्यक्ष श्रीमती विधि गोयल सहित पूरी युवा टीम का योगदान रहा।









BLSP राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा 'प्रेममयी शाम एकल के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन



भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा 24 सितंबर 2026 को इस्कॉन दिल्ली में 'प्रेममयी शाम एकल के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों, मातृशक्ति, कार्यकर्ताओं एवं एकल परिवार से जुड़े सहयोगियों सहित 350 से अधिक लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य एकल अभियान के माध्यम से देश के दूरस्थ ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण, स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से समाज को जोड़ना और सेवा के इस अभियान को आगे बढ़ाना रहा।





कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सोनल रासीवासिया जी ने एकल अभियान का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने एकल के विभिन्न आयामों एवं राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका की जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों और विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को महिला विभाग की सेवा-यात्रा से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि श्रीमती ऋचा अनिरुद्ध जी ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद बच्चों के लिए नोएडा में 'जमघट' नाम से पाठशाला संचालित की जा रही है, जिसकी प्रेरणा उन्हें एकल विद्यालय की कार्यपद्धति से मिली।

कार्यक्रम में एकल अभियान के एकल अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल जी, BLSP ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी, ट्रस्टी श्री नरेश कुमार जी, ट्रस्टी श्री विनीत कुमार जी, ट्रस्टी श्री सुभाष अग्रवाल जी, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, राष्ट्रीय महिला विभाग की टीम एवं चैप्टर के कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



पश्चिमी दिल्ली चैप्टर की हिमाचल वनयात्रा: प्रकृति, संस्कृति और एकल अभियान से जुड़ने का अनूठा अनुभव



भारत लोक शिक्षा परिषद्, पश्चिमी दिल्ली चैप्टर एवं CSR विभाग द्वारा 19 से 21 सितम्बर 2026 तक हिमाचल प्रदेश में तीन दिवसीय वनयात्रा का सफल आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिनमें 35 प्रतिभागी ऐसे थे जो पहली बार एकल अभियान से जुड़े और वनयात्रा के माध्यम से संगठन के कार्यों को करीब से जानने का अवसर प्राप्त किया।

इस वनयात्रा का उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में एकल विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा, संस्कार और सामाजिक परिवर्तन के लिए किए जा रहे कार्यों से लोगों को जोड़ना था।

हिमाचल प्रदेश की सुंदर वादियों, पर्वतीय वातावरण और प्राकृतिक परिवेश के बीच प्रतिभागियों को आपसी संवाद, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को समझने का अवसर मिला। यात्रा के दौरान एकल अभियान के उद्देश्यों, ग्रामीण बच्चों के भविष्य को संवारने तथा शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में समाज की भागीदारी के महत्व पर भी चर्चा हुई।



कानपुर चैप्टर द्वारा आईआईटी कानपुर के साथ वनयात्रा कार्यक्रम संपन्न

2 अगस्त 2026 को भारत लोक शिक्षा परिषद्, कानपुर चैप्टर द्वारा विद्यालय ग्राम सुनौडा (संच तात्यागंज) में आईआईटी कानपुर के विद्यार्थियों के साथ वनयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 28 बच्चों ने भाग लिया। ग्राम प्रमुख एवं स्थानीय समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर चैप्टर अध्यक्ष डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी ने आईआईटी के विद्यार्थियों को एकल अभियान के उद्देश्यों एवं कार्यों से परिचित कराया।





विद्यार्थियों ने बच्चों से संवाद कर उनके भविष्य के सपनों को जाना। बच्चों ने पहाड़े, गुणा, बालगीत एवं चौपाइयों की प्रस्तुति दी तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। कार्यक्रम में वृक्षारोपण, उपहार वितरण और बच्चों के साथ प्रेरणादायक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के अंत में आईआईटी कानपुर की टीम के साथ बैठक कर आसपास के पांच गांवों में शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। यह आयोजन शिक्षा, संस्कार और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा।

वाराणसी में “सेवा, संस्कार और स्वावलंबन” विषय पर एकल का प्रभावी कार्यक्रम सम्पन्न।





भारत लोक शिक्षा परिषद् के वाराणसी चैप्टर द्वारा आयोजित “सेवा, संस्कार और स्वावलंबन का एकल प्रयास” विषयक विशेष कार्यक्रम का भव्य आयोजन 27 सितंबर 2026 को अनंत काशी होटल, महमूरगंज, वाराणसी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े गणमान्य अतिथियों एवं एकल परिवार के कार्यकर्ताओं सहित 200 से अधिक लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. बिहारी लाल शर्मा जी, कुलपति, डॉ. सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने अपने संबोधन में ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा और संस्कार के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने के एकल अभियान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शिक्षा को समाज एवं राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए एकल के कार्यों की प्रशंसा की।

विशिष्ट अतिथि पं. श्रीकांत मिश्रा जी, मुख्य अर्चक, काशी विश्वनाथ मंदिर ने भारतीय संस्कृति, संस्कार और सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एकल अभियान के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम से पूर्व वाराणसी चैप्टर के कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी ने सभी कार्यकर्ताओं को तन, मन और धन से एकल अभियान से जुड़कर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी ने भी अपने प्रेरणादायी विचारों के माध्यम से उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम से प्रेरित होकर लगभग 50 लोगों ने एकल विद्यालय का सहयोग दिया और एकल से जुड़ने को इच्छा भी व्यक्त की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वाराणसी चैप्टर के चेयरमैन श्री आर.के. चौधरी जी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आत्मीय स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में प्रधान श्री राजीव अग्रवाल जी ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, श्री दया शंकर मिश्रा जी, श्री राजेश भाटिया जी, श्री मनीष माहेश्वरी जी, डॉ. रूबी साह जी एवं श्री प्रशांत अग्रवाल जी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

स्वतंत्रता दिवस पर एकल भवन, दिल्ली में राष्ट्रभक्ति का भव्य उत्सव



भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह एकल भवन, दिल्ली में अपार उल्लास, देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरा परिसर तिरंगे की आन, देशभक्ति के गीतों और "भारत माता की जय" के जयघोष से गूंज उठा।

एकल नर्सरी स्कूल (रेशनल एजुकेशनल सोसाइटी) के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को जीवंत कर दिया। उनकीभावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों को भावविभोर कर दिया और बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था।

इस अवसर पर श्री नरेश जैन जी (ट्रस्टी), श्री संजीव गोयल जी (ट्रस्टी), श्री अखिल गुप्ता जी (राष्ट्रीय प्रधान, BLSP), श्री मुरारीलाल अग्रवाला जी (कार्याध्यक्ष, एकल श्रीहरि), श्री राजीव अग्रवाल जी (राष्ट्रीय महामंत्री, BLSP), श्री सुनील गुप्ता जी (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री, BLSP), राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय उपप्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी, नॉर्थ दिल्ली चैप्टर से श्री मुकेश गुप्ता जी, श्री वीरेंद्र गुप्ता (बिल्लु) जी, श्रीमती राखी अग्रवाल जी, डॉ.एन.के.गोयल जी, श्रीमती स्मिता आहूजा चौधरी जी (सचिव, EGF), सहित अनेक गणमान्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वंदेमातरम् एवं जन गण मन भी सभी ने मिलकर गाया।



राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीरों एवं बलिदानियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उन्होंने सभी से एकल अभियान से जुड़कर शिक्षा, संस्कार और सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की इस पावन यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान किया।

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित यह समारोह केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का अवसर भी बना। केंद्र एवं विभिन्न चैप्टरों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा एकल नर्सरी स्कूल के बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

एक पेड़ मां के नाम: नोएडा वेटलैंड पार्क में BLSP पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा पौधरोपण





पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार, 8 अगस्त 2026 को नोएडा स्थित वेटलैंड पार्क में BLSP पूर्वी दिल्ली चैप्टर, लायंस क्लब एवं ECPFO के संयुक्त प्रयास से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों ने भाग लिया, कार्यक्रम के दौरान तीनों संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर करीब 200 पौधे लगाए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाने के साथ-साथ समाज में वृक्षों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देना था।

इस अवसर पर “एक पेड़ मां के नाम” का संदेश दिया गया, जिसके माध्यम से लोगों को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया।



एकल अभियान के सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्वी दिल्ली चैप्टर के प्रधान श्री राजीव बंसल, कार्यकारी प्रधान श्री सौरभ जैन, महामंत्री श्री अतुल जैन, कोषाध्यक्ष श्री प्रवीण गुप्ता, राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय चेयरपर्सन श्रीमती सोनल रासिवासिया, पूर्वी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग की प्रधान श्रीमती नीरू बंसल सहित पूर्वी दिल्ली चैप्टर के अनेक सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

ब्रजमंडल का प्रवास



श्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री एवं श्रीमति माधुरी अग्रवाल जी द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य ब्रजमंडल संभाग में दिनांक 09.07.2026 प्रवास किया गया। ब्रजमंडल प्रवास के दौरान ब्रज मंडल संभाग, गोवर्धन भाग, गोवर्धन भाग के अंतर्गत पांचों अंचल एवं संचो के लगभग सभी प्रमुखों से बैठक हुई। जिसमें लगभग 20 कार्यकर्ता एवं 10 समिति सदस्य उपस्थित रहे।

इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य समिति बंधुओं और कार्यकर्ताओं से संबंध और समन्वय बनाने के साथ-साथ उनको सक्रिय करना और दानदाता संबंधित जानकारियां को समय से उपलब्ध कराने के प्रति जागरूक करना था।

समिति बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई -

विद्यालय गुणवत्ता, कार्यकर्ता सक्रियता, सैनिक सम्मान वृक्षारोपण, अंचल पालक योजना, CSR दानदाताओं की रिपोर्टिंग संबंधी जानकारी, कार्यालय रखरखाव, गूगल एप एवं पारदर्शिता, दायित्व बोध एवं उनकी कार्यकर्ताओं के प्रति अभिभावक की भूमिका, ग्राम समिति को सुदृढ़ करना, प्रगत संच, स्वावलंबन आदि।



BLSP को मिला प्रतिष्ठित "अभ्युदय सुदूर शिक्षा ज्योति सम्मान"





भारतीय लोक शिक्षा परिषद (BLSP) को प्रतिष्ठित सम्मान

भारत लोक शिक्षा परिषद (BLSP) को M3M फाउंडेशन द्वारा प्रतिष्ठित **"अभ्युदय सुदूर शिक्षा ज्योति सम्मान"** से सम्मानित किया गया। यह सम्मान M3M के चेयरमैन श्री बसंत बंसल जी के करकमलों से श्री जगमिंदर गुप्ता जी ने ग्रहण किया।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर BLSP की नेतृत्व टीम से श्री अखिल गुप्ता जी, श्री राजीव अग्रवाल जी, श्री जगमिंदर गुप्ता जी एवं श्री अशोक अग्रवाल जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

यह सम्मान संपूर्ण संस्था के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का क्षण है। यह सुदूर ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा की ज्योति पहुँचाने तथा समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों को नई प्रेरणा प्रदान करेगा।

तीन पीढ़ियाँ – एक संकल्प, एकल के साथ

"सेवा केवल दान देने का नाम नहीं है, सेवा वह संस्कार है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक प्रवाहित होता है।"



एकल अभियान के विशाल परिवार में राजीव माधुरी अग्रवाल परिवार इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह परिवार केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं करता, बल्कि तन, मन और धन—तीनों रूपों में एकल के कार्य से जुड़ा हुआ है।

तीसरी पीढ़ी - सबसे प्रेरणादायक बात है कि इस परिवार की तीसरी पीढ़ी भी इसी सेवा संस्कार को आगे बढ़ा रही है। नन्हीं आध्या और मधुकर केवल सुनते ही नहीं, बल्कि स्वयं एकल विद्यालयों की यात्राओं में भी शामिल हुए हैं। उन्होंने ग्रामीण बच्चों से मुलाकात की, उनके साथ समय बिताया और शिक्षा के महत्व को निकट से अनुभव किया। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने पॉकेट मनी से भी एकल विद्यालयों के लिए सहयोग दिया।

दूसरी पीढ़ी - उनके पुत्र वैभव अग्रवाल एवं अलौकिक अग्रवाल, जो अमेरिका में रहते हैं, भले ही भौगोलिक रूप से दूर हों, लेकिन उनका मन सदैव भारत और एकल अभियान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने एकल विद्यालयों के संचालन हेतु उदारतापूर्वक सहयोग दिया है। साथ ही, एकल विद्यालय एवं ग्रामोत्थान के विभिन्न विकास परियोजनाओं—जैसे शिक्षा, कौशल विकास, स्वावलंबन और ग्रामीण विकास—में भी आर्थिक योगदान देकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई है। अलौकिक अग्रवाल ने एकल विद्यालय जंदखेडी ग्राम, शामली अंचल में आजीवन समय के लिए और गजरौला GRC में भारी सहयोग किया। यह संदेश देता है कि सेवा की कोई सीमा नहीं होती। यदि मन भारत के लिए धड़कता है, तो हजारों किलोमीटर की दूरी भी सेवा के मार्ग में बाधा नहीं बनती।



प्रथम पीढ़ी - श्री राजीव अग्रवाल एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल वर्षों से भारत लोक शिक्षा परिषद, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, एकल भारत मीडिया फाउंडेशन तथा एकल परिवार के विभिन्न संगठनों के माध्यम से पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने केवल अपना समय और श्रम ही नहीं दिया, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन और ग्राम विकास का संदेश पहुँचाने को अपना जीवन-ध्येय बनाया।

जब एक परिवार की तीन पीढ़ियाँ—दादा-दादी, माता-पिता और बच्चे—एक ही उद्देश्य के लिए समर्पित होकर कार्य करती हैं, तब सेवा एक परंपरा बन जाती है।

Meeting with PSU/ Non PSU Companies Done & MOU Signed



श्री अखिल गुप्ता जी एवं श्री राजीव अग्रवाल जी की मुलाकात ग्लोब कैपिटल के श्री अशोक अग्रवाल जी एवं श्री यश मेंदीरत्ता जी से हुई।
इस अवसर पर उन्होंने एक बार फिर वर्ष 2026–27 के लिए **महाशतवीर** बनने की सहमति प्रदान की । एकल अभियान के प्रति उनका यह समर्पण एवं सहयोग ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा की ज्योति प्रज्वलित करने के हमारे प्रयासों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।



राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी की मुलाकात IRFC के CMD श्री मनोज कुमार दुबे जी से हुई।
इस अवसर पर श्री मनोज कुमार दुबे जी का स्पॉटलाइट पॉडकास्ट भी किया गया। उन्होंने एकल अभियान के कार्यों के लिए उल्लेखनीय CSR सहयोग देने पर सहमति जताई।

ट्रस्टी एवं चेयरमैन CSR विभाग श्री सुभाष सी. अग्रवाल जी, श्री अखिल गुप्ता जी एवं श्री राजीव अग्रवाल जी की मुलाकात PFC के निदेशक (वित्त) श्री राजेश अग्रवाल जी से हुई।
श्री राजेश अग्रवाल जी ने एकल अभियान के कार्यों में गहरी रुचि दिखाई तथा CSR के माध्यम से सहयोग प्रदान करने के प्रति सकारात्मक रुझान व्यक्त किया।



Ekal Spotlight

"भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा एकल विद्यालय अभियान के समर्पित दानदाताओं को सम्मानित करने हेतु 'डोनर स्पॉटलाइट वीडियो' पहल की शुरुआत की गई है।

इस नई पहल के माध्यम से उन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सामने लाया जा रहा है, जिनके सहयोग से सुदूर ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जल रही है।



जब हम एकल अभियान को करीब से देखते हैं, तो समझ आता है कि यह सनातन संस्कारों को मजबूत करने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र की सेवा का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

हमारे परिवारों के संस्कार और सनातन संस्कृति ही वह सकारात्मक ऊर्जा हैं, जो हमें सही दिशा देती हैं। शायद आज की पीढ़ी को इस शक्ति की गहराई का पूरी तरह एहसास नहीं है। यही कारण है कि मेरा मन हमेशा एकल अभियान से जुड़ा रहा है।



आदिवासी क्षेत्रों में पढ़ने वाले ये बच्चे, जिनके माता-पिता शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकते, हमारे देश की अनमोल धरोहर हैं।

जब मैंने 4–5 साल के बच्चों को हनुमान चालीसा पढ़ते देखा, तो मन भावुक हो गया और लगा कि मैं इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए और क्या-क्या कर सकता हूँ।



एकल अभियान 100% साक्षरता के मिशन के साथ उन दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगा रहा है, जहाँ अच्छे स्कूल और शिक्षकों की कल्पना भी मुश्किल थी।


आज हमें समाज में जामवंत की भूमिका निभाते हुए उन युवाओं को उनकी शक्ति का एहसास कराना है, जो विकसित भारत का नेतृत्व कर सकते हैं। आने वाले समय में देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की जिम्मेदारी इन्हीं युवा कंधों पर होगी।



मेरा मानना है कि भारतीय लोक शिक्षा परिषद, 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के अनुरूप समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

भारतीय रेलवे की वित्तीय संस्था IRFC भी CSR के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता जैसे क्षेत्रों में सहयोग देकर सामाजिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

Success Stories



नाम : शिखा चंदेल
ग्राम : भाउवाला
संभाग : उत्तराखंड

आज प्राप्त *Swami Vivekananda Pride Achievers Award* मेरे लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि मेरे प्यारे बच्चों के स्नेह, विश्वास और प्रेरणा का प्रतीक है। एकल विद्यालय से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में बहुत कुछ बदला। मेरे बच्चों ने मुझे हर दिन कुछ नया सोचने, महसूस करने और अपने विचारों को शब्दों में पिरोने की प्रेरणा दी। शायद यदि ये बच्चे मेरे जीवन का हिस्सा न बनते, तो मेरे भीतर छिपी लेखिका भी कभी सामने न आ पाती। आज मैं जो कुछ भी लिख पा रही हूँ, उसके पीछे मेरे बच्चों की मासूम बातें, उनके सपने और उनका अटूट विश्वास है।

मैं हृदय से एकल विद्यालय की पूरी टीम का आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने मुझे सेवा का अवसर दिया और मेरे जीवन को एक नई दिशा प्रदान की।

मैं शिवानी देवी, वर्ष 2026 में एकल अभियान के अंतर्गत विद्यालय ग्राम ललपुरा, संच भरुआ, अंचल हमीरपुर में आचार्या पद पर चयनित हुई। एकल अभियान से जुड़कर मुझे पंचमुखी शिक्षा के बारे में सीखने का अवसर मिला। इन शिक्षाओं से मेरे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए और गाँव के विकास में भी योगदान मिला। इससे गाँव के लोग भी बहुत प्रसन्न हैं।
इसके साथ ही, कौशल विकास मिशन के अंतर्गत मैंने सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिससे अब मैं घर पर ही सिलाई का कार्य करके अपनी आजीविका में सहयोग कर पा रही हूँ। एकल अभियान ने मुझे शिक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। इसके लिए मैं एकल अभियान और भारत लोक शिक्षा परिषद की हृदय से आभारी हूँ।



नाम : शिवानी देवी
ग्राम : ललपुरा
अंचल : हमीरपुर



नाम : आचार्य शीतल
ग्राम: पाडला
संभाग : पश्चिमी उत्तर प्रदेश

आचार्य शीतल जी ग्राम पाडला में पिछले 3 वर्षों से एकल विद्यालय के माध्यम से बच्चों को शिक्षा, संस्कार और अच्छे जीवन मूल्यों से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही हैं।

उनके प्रयासों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि, अनुशासन, स्वच्छता, बड़ों के सम्मान और आपसी सहयोग जैसे अच्छे गुण विकसित हो रहे हैं। साथ ही, गाँव में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक वातावरण बनाने में भी सहयोग मिल रहा है।

शीतल का संकल्प है कि प्रत्येक बच्चा शिक्षित, संस्कारित और आत्मविश्वासी बने, ताकि परिवार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए। एकल अभियान के माध्यम से ग्राम पाडला में शिक्षा और संस्कारों की ज्योति निरंतर जलती रहे।

संपादक की कलम से.....



सुनील गुप्ता
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री
भारत लोक शिक्षा परिषद्
एकल अभियान

आज का युवा ही भारत का भविष्य है। उसकी ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार की शक्ति से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। लेकिन सच्चा विकास तभी संभव है, जब आधुनिक शिक्षा के साथ हमारी युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति, सनातन संस्कारों और राष्ट्र की गौरवशाली विरासत से भी जुड़ी रहे।

एकल अभियान देश के दूरस्थ ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रभाव की अलख जगा रहा है। आइए, इस दीपावली एक संकल्प लें कि हम शिक्षा और संस्कारों का दीप हर गाँव तक पहुँचाएँगे तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा से जोड़ेंगे।

जिस प्रकार दीपावली का एक दीप अंधकार को दूर करता है, उसी प्रकार शिक्षा का एक दीप किसी बच्चे और पूरे गाँव का भविष्य रोशन कर सकता है। एकल अभियान से जुड़ें और अपने सहयोग से एक सशक्त, संस्कारित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ!



GANDHI PEACE PRIZE-2017

Presented to Ekal Abhiyan by

The President of India Shri Ram Nath Kovind Ji

&

Prime Minister of India Shri Narender Modi Ji

एकल विद्यालय के लिए सहयोग

आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें।	
एक एकल विद्यालय	₹ 30,000/- वार्षिक
50 एकल विद्यालय (परमवीर)	₹ 15,00,000/- वार्षिक
100 एकल विद्यालय (शतकवीर)	₹ 30,00,000/- वार्षिक
1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर)	₹ 30,000,000/- वार्षिक

भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है।

DONATE NOW

एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

Only For 80G:

Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C No: 467902050000186
Union Bank of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC Code: UBIN0546798

Only for CSR:

Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C NO : 467902010123677
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC code: UBIN0546798

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

For More Info.

मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 9999399063, 7827207665, 8448386443, ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org